**डीजी परिपत्र संख्या- 30/2026**

**यक्ष परिपत्र संख्या- 13/2026**

**राजीव कृष्णा,**
**आई0पी0एस0**

**पुलिस महानिदेशक,**
**उत्तर प्रदेश।**
**पुलिस भवन, गोमती नगर विस्तार, लखनऊ**
**दिनांक- मई 29, 2026**

| |
|---|
| **प्राथमिकता – 1** |
| **Zero Tolerance against Crime and Criminals** |

प्रिय महोदया/ महोदय,

जैसा कि आप अवगत है कि यक्ष ऐप वर्तमान में सुचारू रूप से कार्य कर रहा है तथा इसका उपयोग अभियोगों के अनावरण व अपराधियों की निगरानी में लगातार बढ़ रहा है। इसी क्रम में नई सुविधाओं को भी पूर्व की भाँति **User Friendly** बनाते हुये इनकी जानकारी एवं उपयोग के निर्देश **परिपत्रों के माध्यम से** समय-समय पर प्रेषित किए जा रहे हैं, ताकि सभी अधिकारी/कर्मचारी उन्हें आसानी से अपना सकें।

पुलिसिंग को सुदृढ़ करने के क्रम में प्रदेश में **गुमशुदा व्यक्तियों के मामलों में त्वरित खोज एवं मॉनिटरिंग को प्रभावी बनाने के उद्देश्य से CCTNS के IIF-8 से Missing Person का डाटा Fetch करते हुये Yaksh App में एकीकृत किया जा रहा है,** ताकि Missing Person के सम्बन्ध में समयबद्ध कार्यवाही सुनिश्चित की जा सके।

**रिट संख्या 11291/2025 विक्रम प्रसाद बनाम उ0प्र0 राज्य व अन्य में परिवर्तित PIL संख्या 97/2026 मिसिंग पर्सन्स इन द स्टेट बनाम उ0प्र0 राज्य में उच्च न्यायालय के द्वारा गुमशुदा व्यक्तियों की सीसीटीएनएस पर लम्बित गुमशुदा व्यक्तियो की सूची पर अप्रसन्नता व्यक्त की गयी थी एवं सीसीटीएनएस पर थाने स्तर पर IIF- 8 अद्यतन न होने की वजह से असहज स्थिति उत्पन्न हुई थी। एक अभियान चलाकर सीसीटीएनएस के IIF- 8 को अद्यतन कराया गया तो पाया गया कि लगभग 80 प्रतिशत गुमशुदा की अद्यनत स्थिति सीसीटीएनएस के IIF- 8 पर अपलोड नहीं किया गया। बाद में आप लोगो के प्रयास से IIF- 8 को अद्यतन किया गया। इस अभियान में बीट कर्मी एवं चौकी/हल्का इंचार्ज की भूमिका महत्वपूर्ण रही है।**

भविष्य में गुमशुदा व्यक्तियों की तलाश, सत्यापन एवं उनकी अद्यतन कार्यवाही को और अधिक प्रभावी एवं समयबद्ध बनाने हेतु बीट कर्मियों तथा चौकी/हल्का प्रभारियों की भूमिका को **Yaksh App** के माध्यम से **Rope-in** किया जा रहा है, ताकि गुमशुदा व्यक्तियों से संबंधित कार्यवाही की सतत निगरानी एवं प्रभावी अनुपालन सुनिश्चित किया जा सके।


यक्ष ऐप में CCTNS के IIF-8 से **Missing Person Record Fetch होने के उपरान्त** थाना स्तर पर **गांव/मोहल्ला Allot करने की प्रक्रिया** सम्पादित की जायेगी। गांव/मोहल्ला Allot होने के उपरान्त **बीट कर्मी को अपने क्षेत्र के Missing Person Record प्रदर्शित** होने लगेंगे। बीट कर्मी द्वारा Missing Person Record के सम्बन्ध में गांव/मोहल्ला में जाकर उनका **Status (Found / Not found / Other) Update** करते हुये **अपनी टिप्पणी अंकित** करना होगा।

बीट कर्मी द्वारा Missing Person Record के सम्बन्ध Status Update करने के उपरान्त वह **थाना स्तर पर Pending For Approval प्रदर्शित** होने लगेगा। थाने द्वारा Approve करने के उपरान्त Missing Person Record पर कार्यवाही Update हो जायेगी।

## थाना स्तर पर Missing Person Record को गांव/मोहल्ला Allot करने की प्रक्रिया-

### डैशबोर्ड में की जाने वाली कार्यवाही


- सर्वप्रथम डैशबोर्ड में **Missing Person/Unidentified Dead Body Icon** पर Click करना होगा।





- उसके उपरान्त एक नई Window खुलेगी जिसमें **Missing Person Module** Option पर Click करना होगा।



➢ उसके उपरान्त एक नई विण्डो खुलेगी जिसमें **Unallocated** Option पर Click करना होगा।




➢ CCTNS IIF-8 से Fetch होने के उपरान्त रिकार्ड Unallocated Option में प्रदर्शित होने लगेगा। जहाँ पर Missing Person Record के **Address में अंकित गांव/मोहल्ला** को **Add/Update Village/Mohalla Option** में Add/Update करना होगा। **तांकि गांव/मोहल्ला Allot होने के उपरान्त बीट कर्मी को अपने क्षेत्र के Missing Person को देख सकेंगे।**





➢ Village/Mohalla Add/Update होने पर Missing Person रिकार्ड **Allocated Tab** के अन्दर **Beat Action Pending Option** में प्रदर्शित होने लगेगा।



## ऐप में की जाने वाली कार्यवाही –

- सर्वप्रथम डैशबोर्ड में **Missing Person/Unidentified Dead Body** Icon पर Click करना होगा।




- **Missing Person/Unidentified Dead Body Icon पर** Click करने पर थाना प्रभारी को अपने थाने के Missing Person Records प्रदर्शित होने लगेंगे।



- CCTNS IIF-8 से Fetch होने के उपरान्त रिकार्ड **Unallocated** Option में प्रदर्शित होने लगेगा। जहाँ पर Missing Person Record के Address में अंकित **गांव/मोहल्ला** को **Allocate Village Option में Add/Update करना होगा।**





- गांव/मोहल्ला Add/Update होने पर Missing Person रिकार्ड **Allocated Tab** के अन्दर **Beat Officer Action Pending Option में प्रदर्शित** होने लगेगा।



# बीट कर्मी द्वारा ऐप में की जाने वाली कार्यवाही की प्रक्रिया

- बीट कर्मी द्वारा अपने ऐप में Missing Person/Unidentified Dead Body Icon पर Click करना होगा। अपने बीट क्षेत्र से सम्बन्धित रिकार्ड देखने के लिये **Sub Module Missing Person** पर Click करना होगा।




- **Missing Person** पर Click करने पर **बीट कर्मी को Allocated Tab** के अन्दर **Beat Officer Action Pending अपने क्षेत्र से सम्बन्धित गुमशुदा व्यक्तियों की सूची** प्रदर्शित होने लगेगी। जहाँ पर **Start Verification** पर Click करके बीट कर्मी द्वारा सत्यापन की कार्यवाही की जायेगी।




➢ Start Verification पर Click करने पर निम्न स्क्रीन प्रदर्शित होगी-

Missing Person के सम्बन्ध में Status **Found / Not Found / Other** में Update किया जायेगा।

साथ ही Remark भी Update किया जायेगा।

यदि Missing Person मिल जाता है तो सम्बन्धित बीट कर्मी द्वारा Status **Found Update** किया जायेगा साथ ही **Missing Person की फोटो अपलोड** करेगा अन्यथा की स्थिति में Missing Person के सम्बन्ध में प्राप्त जानकारी से **सम्बन्धित अभिलेख (Death Certificate आदि) का फोटो अपलोड** किया जायेगा।




- बीट कर्मी द्वारा Missing Person के सम्बन्ध में उसके पते पर जाकर कार्यवाही की जायेगी।
- बीट कर्मी द्वारा सभी जानकारियां Update करके Submit करने पर Geo-Tagging की कार्यवाही पूर्ण हो जायेगी।

## थाने द्वारा बीट कर्मी द्वारा की गयी कार्यवाही को Approve करने की प्रक्रिया


- बीट कर्मी Missing Person की जानकारी अपडेट करने के उपरान्त वह Missing Person Record थाना प्रभारी स्तर पर **SHO Pending Approval** Option में प्रदर्शित होने लगेगा।




- थाना प्रभारी उस Missing Person Record की Profile Open करेगा जिसमें नीचे की तरफ Approve / Reject के Option प्रदर्शित होंगे।




- Approve पर Click करके उसे Confirm करने के उपरान्त Missing Person Record के अपने Status (Found / Not Found / Other) के अनुसार सम्बन्धित सूची में प्रदर्शित होने लगेगा।
- अगर बीट कर्मी द्वारा कोई गलत जानकारी Update कर दी जाती है तो थाना प्रभारी उस Missing Person Record को **Reject** भी कर सकता है Reject पर Click करने को थाना प्रभारी को **Reject करने का कारण** अंकित करना होगा और वह Missing Person Record पुनः बीट कर्मी को कार्यवाही हेतु लम्बित प्रदर्शित होने लगेगा।




***Note- गुमशुदा के मिलने के उपरान्त CCTNS के IIF-8 को अपडेट करने की जिम्मेदारी भी थाना प्रभारी की होगी।***

***Note- शीघ्र ही इस Module में अज्ञात शव को Yaksh Database में Search करने की Facility उपलब्ध करा दी जायेगी।***

उपरोक्त के क्रम में यह अपेक्षित है कि समस्त अधिकारी/कर्मचारी Missing Person मॉड्यूल से सम्बन्धित कार्यवाहियों को गंभीरता एवं संवेदनशीलता के साथ समयबद्ध रूप से सम्पादित करना सुनिश्चित करें। बीट कर्मियों, चौकी/हल्का प्रभारियों एवं थाना प्रभारियों के मध्य प्रभावी समन्वय स्थापित करते हुए प्रत्येक गुमशुदा व्यक्ति के सत्यापन, खोज एवं CCTNS IIF-8 के अद्यतन की कार्यवाही को प्राथमिकता पर पूर्ण कराया जाये। यक्ष ऐप के माध्यम से की जाने वाली यह व्यवस्था न केवल गुमशुदा व्यक्तियों के मामलों की प्रभावी मॉनिटरिंग सुनिश्चित करेगी, बल्कि जनता में पुलिस के प्रति विश्वास एवं उत्तरदायित्व की भावना को भी सुदृढ़ करेगी।

भवदीय,

5/5

(राजीव कृष्णा)

समस्त पुलिस आयुक्त, उत्तर प्रदेश।
समस्त वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक / पुलिस अधीक्षक / जनपद प्रभारी उत्तर प्रदेश।

**प्रतिलिपि निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित-**

1. अपर पुलिस महानिदेशक STF, उत्तर प्रदेश।
2. अपर पुलिस महानिदेशक रेलवे, उत्तर प्रदेश।
3. समस्त जोनल अपर पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश।
4. समस्त परिक्षेत्रीय पुलिस महानिरीक्षक / पुलिस उपमहानिरीक्षक, उत्तर प्रदेश